# 17 राज्यों पर बारिश का आईएमडी अलर्ट

### आंधी-बारिश से बढ़ेंगी राज्यों में मुसीबतें

**नई दिल्ली, 14 जून.भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर देश के 17 राज्यों में अगले 21 घंटों के भीतर कुदरत के महासंग्राम का खौफनाक अलर्ट जारी किया है.**

आसमान में एक तरफ मध्य उत्तर प्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बन चुका है तो दूसरी तरफ राजस्थान से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैली चक्रवातीय हवाओं की खतरनाक जुगलबंदी ने महाविनाशक आंधी-तूफान की



पूरी स्क्रिप्ट लिख दी है. कल देश का एक बड़ा हिस्सा 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली विनाशकारी हवाओं, भयंकर धूल भरी आंधी और मूसलाधार बारिश से दहलने वाला है. जब आधी दुनिया आंधी-तूफान और बिजली गिरने से कांप रही होगी, ठीक उसी वक्त मराठवाड़ा और विदर्भ के इलाके भीषण लू की आग में झुलस रहे होंगे. बिहार के मैदानी इलाकों में चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से कल 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलेंगी. उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के इलाकों में कल अगले 6-7 दिनों तक

> दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में कल मौसम का मिजाज बेहद आक्रामक होने जा रहा है. मौसम विभाग ने कल के लिए राजधानी में भारी आंधी-तूफान के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है. पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी और आक्रामक बारिश का अलर्ट है. राजस्थान दोनों ही हिस्सों में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाला महाविनाशक थंडरस्क्वाल आने की गंभीर चेतावनी दी है.

चलने वाली अत्यंत भारी से बहुत भारी बारिश का सिलसिला शुरू हो रहा है.

## महाराष्ट्र में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत


**वाशिम.** महाराष्ट्र के वाशिम जिले में मालेगांव तहसील के तिवली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक ही परिवार के चार सदस्य मृत पाये गये हैं. पुलिस के मुताबिक, पति का शव परिवार के खेत में बिजली के टॉवर से लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी और दो नाबालिग बच्चों के शव पास के कुएं से बरामद किये गये. पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, यह घरेलू विवाद से जुड़ा खुदकुशी का मामला लगता है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. मृतकों की शिनाख्त संतोष तुकाराम बकाल (38), उनकी पत्नी वर्षा बकाल (34), बेटी जाह्नवी (7) और बेटे सोहम (6) के रूप में हुई है.

# राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एकजुट हों : भागवत

▶ अपने संदेश में कहा सामाजिक समस्याओं से पहले राष्ट्र

**तिरुवनंतपुरम, 14 जून. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लोगों से अपील की है कि वे सामाजिक समस्याओं पर सिर्फ दुख जताने के बजाय अपने घरों से बाहर निकलें और राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एकजुट हो.**

उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल एक संगठित समाज ही मजबूत बन सकता है और देश एवं मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकता है. आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत शनिवार को केरल की राजधानी



तिरवनंतपुरम स्थित उदय पैलेस सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री भागवत ने कहा कि संघ का कोई विरोधी नहीं है और वह हर व्यक्ति को एक संभावित स्वयंसेवक मानता है. उन्होंने भारत को एक हिंदू राष्ट्र बताते हुए साफ किया कि इस शब्द का मतलब केवल धार्मिक पहचान से नहीं है, बल्कि यह देश के सांस्कृतिक मूल्यों और सभ्यता के जीने के तरीके को

> सरसंघचालक ने कहा कि आज की दुनिया उन मूल्यों और सिद्धांतों की तलाश कर रही है जो भारत की सभ्यता की विरासत में गहराई से समाए हुए हैं और यह भारतीयों की जिम्मेदारी है कि वे इस ज्ञान को पूरी मानवता के साथ साझा करने के लिए खुद को तैयार करें. समाज को ताकत आपसी सहयोग और एक-दूसरे पर निर्भरता से मिलती है. एक मजबूत, आत्मविश्वासी और संकटों से जूझने में सक्षम राष्ट्र के निर्माण के लिए धर्म पर आधारित जीवन जरूरी है.

दर्शाता है. सामाजिक एकजुटता के महत्व पर जोर देते हुए श्री भागवत ने कहा कि ताकत सिर्फ संगठन से ही आती है.

## आत्महत्या मामले में छह ग्रंथी गिरफ्तार

**होशियारपुर.** पंजाब में होशियारपुर के माहिलपुर थाना पुलिस ने एक ग्रंथी को आत्महत्या के लिए कथित रूप से उकसाने के मामले में छह ग्रंथियों को गिरफ्तार किया है. तीन से चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है. मृतक की पहचान जसपाल सिंह (28) के रूप में हुई है, जो क्षेत्र के एक गुरुद्वारे में ग्रंथी के रूप में धार्मिक सेवाएं निभा रहा था. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतिंदर सिंह, राजवंत सिंह, परगट सिंह, गुरजंत सिंह, तस्वीर सिंह और मेहर सिंह के रूप में हुई है. मृतक के पिता जगदीश सिंह भी ग्रंथी हैं. उन्होंने बताया कि करीब छह महीने पहले वह उत्तर प्रदेश से गांव पड्डी सूड़ा सिंह आए थे.

# सीमा पर बाड़बंदी की मांग करना एक ऐतिहासिक भूल थी : हिमंता

▶ असम समझौते पर हिमंत ने साधा निशाना

**गुवाहाटी, 14 जून. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, जनसांख्यिकीय बदलाव और सीमा सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है.**

उन्होंने कहा कि असम समझौते के बाद केवल असम-बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी की मांग करना एक ऐतिहासिक भूल थी. सरमा का कहना है कि बांग्लादेश से लगने वाली पूरी 1600 किलोमीटर लंबी सीमा पर पांचों राज्यों में एक साथ बाड़बंदी



होनी चाहिए थी. उन्होंने दावा किया कि अब केंद्र सरकार के प्रयासों से मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और पश्चिम बंगाल में भी सीमा सुरक्षा के काम तेज हुए हैं. मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले परिवारों की नागरिकता की जांच की जा सकती है.

# पाटलिपुत्र स्टेशन बवाल में बड़ा एक्शन

▶ पथराव और तोड़फोड़ के बाद पुलिस का सख्त कदम

▶ पुलिस ने 6 आरोपियों को दबोचा, जांच तेज

पटना, 15 जून. बिहार पुलिस की मद्य निषेध विभाग भर्ती परीक्षा के दौरान पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर हुए बवाल के बाद प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है. पुलिस ने छह नामजद और 500 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर भर्ती परीक्षा को लेकर हुए हिंसक हंगामे के बाद पुलिस और प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. इस



मामले में छह नामजद समेत करीब 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है, जबकि अन्य उपद्रवियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर की जा रही है. जानकारी के अनुसार, बिहार पुलिस के मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शनिवार देर रात पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचे थे. कटिहार जाने वाली परीक्षा स्पेशल ट्रेन में चढ़ने को लेकर अचानक अफरा-तफरी मच गई. ट्रेन में सीट और व्यवस्था को लेकर नाराज अभ्यर्थियों ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया.

# ओडिशा त्योहार राजा पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने दी बधाई

**नई दिल्ली, 14 जून. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा में मनाए जाने वाले महत्वपूर्ण त्योहार राजा पर राज्य के लोगों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, फसल के त्योहार राजा के मौके पर मैं देश के लोगों और खासकर ओडिशा के लोगों को दिल से बधाई देती हूं.**

राष्ट्रपति मुर्मु ने लिखा, मानसून के मौसम का यह मनभावन त्योहार धरती, मां और बादलों के सम्मान में मनाया जाता है. पीठा, पान के पत्ते और झूला झूलने जैसे उत्सवों के बीच राजा हमें प्रकृति के साथ मिल-जुलकर रहने की याद दिलाता है.



मुझे उम्मीद है कि राजा त्योहार की यह खास भावना हमें राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित करेगी. राजा के इस उत्सवपूर्ण मौके पर मैं राज्य और देश के लोगों की खुशी, शांति और समृद्धि की कामना करती हूं. राजा पर्व ओडिशा में मनाया जाने वाला तीन दिवसीय नारीत्व का त्योहार है.

## एक नजर में

### देश की उपलब्धियों को कम आंक रहे राहुल : सीतारमण



**नई दिल्ली, 14 जून.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार का विरोध करने के चक्कर में भारत और यहां के लोगों की उपलब्धियों को नीचा दिखा रहे हैं. सीतारमण बंगलूरू में 'विकसित भारत संकल्प समावेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं. यह कार्यक्रम पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित किया गया था. उन्होंने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता जब भी बोलते हैं, तो वे हर चीज की आलोचना करते हैं. उन्हें लगता है कि वे सरकार को निशाना बना रहे हैं, लेकिन असल में वे देश की उपलब्धियों को कम करके आंकते हैं. वित्त मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी कोरोना महामारी और पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे बड़े संकटों के दौरान भी भारत की सफलताओं को अनदेखा कर देते हैं.

### प्रधान इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच पार्टी का प्रदर्शन

नई दिल्ली, 14 जून. कॉकरोच जनता पार्टी आज शाम 4 बजे बेंगलुरु में प्रदर्शन करेगी. इस प्रदर्शन में एक्टर प्रकाश राज भी शामिल होंगे. इससे पहले दिन में हैदराबाद में प्रदर्शन हुआ. जिसमें सोनम वांगचुक ने भाषण दिया. प्रदर्शनकारियों ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए. पिछले 9 दिनों में सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक देश के 5 शहरों में विरोध जता चुके हैं. इसकी शुरुआत 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर से हुई थी. इसके बाद 11 जून को पुणे, 12 जून को लखनऊ, 13 जून को अमृतसर में प्रदर्शन किया था. सीजीपी यह प्रदर्शन शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कर रही है.

## हस्तियों के ट्वीट



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोशल मीडिया एक्स पर ग्रेनफेल त्रासदी के नौ साल होने पर 72 जान गवाने लोगों को भावुक पोस्ट के जरिये याद किया उन्होंने पोस्ट में लिखा कि ग्रेनफेल त्रासदी के नौ साल बाद, हम उन 72 लोगों को याद करते हैं जिनकी जान चली गई थी और हम उनके परिवारों, प्रियजनों और पूरे समुदाय के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं. हम आपके साथ खड़े हैं.



उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए कमैनिऑफिसिअल को बधाई दी है. अपने संदेश में उन्होंने खिलाड़ी की उपलब्धि की सराहना करते हुए लिखा कि बधाई हो कमैनिऑफिसिअल, आपने मोंटे कार्लो से लेकर बार्सिलोना तक भारतीय राष्ट्रगान की गूंज फैला दी है.

# राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रही है सरकार

▶ खरगे-राहुल-प्रियंका ने नाविकों की मौत पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, 14 जून. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेरिकी कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मौन राष्ट्रीय हितों और देश की संप्रभुता के साथ समझौते का प्रतीक बन गया है.**

श्री खरगे ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स) पर ओमान में अमेरिकी कार्रवाई में मारे गये तीन भारतीय नाविकों के प्रति शोक



व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के तीन दिन बाद भी प्रधानमंत्री मोदी की ओर से न तो कोई सार्वजनिक बयान आया है और न ही शोक संदेश जारी किया गया. इस मामले में देश जवाब चाहता है और पीड़ित परिवार न्याय का हकदार हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता किया जा रहा है और विश्वगुरु का नारा देकर इसे छिपाने की कोशिश की जा रही है.

> कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समझौतावादी प्रधानमंत्री बताते हुए उन पर अमेरिका के सामने चुप्पी साधने का आरोप लगाया और कहा कि देश के सम्मान से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता है. श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ ही दिन बाद न तो अमेरिका की ओर से अफसोस जताया गया और न ही माफी मांगी गई.

## बेरूत में इजरायल के हवाई हमले, तीन की मौत

**बेरूत.** इजरायल ने शनिवार को लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियेह में हवाई हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और 15 लोग घायल हो गये. इजरायल ने दावा किया कि यह कार्रवाई हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजरायल की ओर ड्रोन दागे जाने के जवाब में की गयी. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने संयुक्त बयान में कहा कि सेना ने दहियेह में हिजबुल्ला के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है. इजरायल अपने क्षेत्र पर किसी भी तरह की गोलीबारी या हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा. इससे कुछ घंटे पहले हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल की ओर कई ड्रोन भेजे थे.

# अगले हफ्ते अमेरिका और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

**मास्को, 14 जून. अमेरिका और ईरान के दो वरिष्ठ अधिकारियों की अगले हफ्ते स्विट्जरलैंड में बैठक हो सकती है. बीएफएमटीवी ने शनिवार को सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी.**

रिपोर्ट के अनुसार इसके अलावा, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने इस बैठक की तैयारी के लिए स्विट्जरलैंड जाने की योजना बनाई है. इससे पहले शुक्रवार को ब्लूमबर्ग ने रिपोर्ट दी कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए जिनेवा संभावित जगह हो सकती है. साथ ही शुक्रवार को एक्सियोस ने बताया था कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के अमेरिका-ईरान समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए संभावित दौरे से पहले अमेरिकी वायु सेना के चार सी-17 विमान जिनेवा में उपकरण पहुंचा रहे हैं. वहीं, ईरानी वार्ताकारों के करीबी एक सूत्र के हवाले से बताया कि रविवार को जिनेवा में संभावित समझौते पर हस्ताक्षर होने की खबरें गलत हैं और ईरान ने अभी तक समझौते पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि संघर्ष को समाप्त करने के समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर किए जाएंगे. वहीं ईरान ने इस समय-सीमा को खारिज कर दिया है.

## परमाणु निरस्त्रीकरण का मुद्दा पूरी तरह समाप्त हो चुका है : उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग.** उत्तर कोरिया ने रविवार को अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के बीच हालिया सुरक्षा समन्वय की कड़ी निंदा की और इसे परमाणु टकराव के लिए सामूहिक प्रकृति वाला एक गठजोड़ करार दिया. यह बयान उत्तर कोरिया द्वारा जारी किया गया. उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के सुरक्षा सहयोग को परमाणु टकराव की दिशा में बढ़ाया गया सामूहिक कदम बताया. उसने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि वे उत्तर कोरिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने संविधान के विरुद्ध कार्य करने का दबाव बना रहे हैं, और चेतावनी दी कि यदि यह जारी रहा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं.

# केरल के मुख्यमंत्री सतीशन ने कुलपतियों से मांगी माफी

**केरल, , 14 जून. केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में राज्य के तीन कुलपतियों की भागीदारी पर कड़ा ऐतराज जताया है.**

उन्होंने इसे एक गंभीर चूक बताते हुए तीनों कुलपतियों से केरल की जनता से माफी मांगने की मांग की है। इस कार्यक्रम को आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने संबोधित किया था. मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, तीन कुलपतियों का इस कार्यक्रम में शामिल होना बेहद चिंताजनक है. उन्होंने साफ कहा कि कुलपतियों का यह कदम केरल की महान शैक्षणिक परंपरा और उनके गरिमामयी पद की मर्यादा के बिल्कुल खिलाफ है. उन्होंने कहा, कि केरल के लोग कुलपति के पद को बहुत सम्मान की नजर से देखते हैं. चरम सांप्रदायिकता का प्रचार करने वाले आरएसएस नेता की अगुवाई वाले कार्यक्रम में इन कुलपतियों ने उस सम्मान और भरोसे को ठेस पहुंचाई है. श्री सतीशन ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाला कोई भी कार्य स्वीकार नहीं किया जायेगा, चाहे उसे किसी ने भी अंजाम दिया हो. ऐसी किसी भी हरकत को कतई माफ नहीं किया जा सकता.

## आज का इतिहास

- 1896 – जापान के इतिहास के सबसे विनाशकारी भूकंप और उसके बाद उठी सुनामी ने 22,000 लोगों की जान ले ली.
- 1908 – कलकत्ता शेयर बाज़ार की शुरुआत.
- 1937– गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाले समाजसेवी अन्ना हजारे का जन्म हुआ.
- 1947 – अखिल भारतीय कांग्रेस ने नई दिल्ली में भारत के विभाजन के लिए ब्रिटिश योजना स्वीकार की.
- 1954 – यूरोप के फुटबॉल संगठन यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबाल एसोसिएशन का गठन हुआ.

# उद्धव की बैठक में सांसदों की दूरी

▶ मातोश्री पहुंचे चार सांसद, बढ़ीं अटकलें

**मुंबई, 14 जून. शिवसेना पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को अपने आवास 'मातोश्री' पर सभी सांसदों की बैठक बुलाई। हालांकि नौ सांसदों में से केवल चार बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि पांच फोन या ऑनलाइन माध्यम से जुड़े.**

सांसद अनिल देसाई , राजाभाऊ वाजे, संजय दीना पाटिल और अरविंद सावंत बैठक में व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे, जबकि बाकी पांच सांसदों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया.खबर है कि जो सांसद व्यक्तिगत रूप से



शामिल नहीं हो सके, वे अगले दो-तीन दिनों में उद्धव ठाकरे से मिलने 'मातोश्री' जाएंगे. इस बीच उद्धव ठाकरे ने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के बारे में अपने सांसदों को मार्गदर्शन दिया. यह भी जानकारी मिली है कि अगले महीने सांसदों की एक और बैठक होगी. सांसद संजय राउत ने बैठक के बारे में जानकारी दी.

मॉडल | विदिशा में शिवराज ने खेती का मॉडल दिया

# 49 एकड़ में बनेगी खेती की लाइव लैब

▶ एग्री क्लीनिक से खेतों को मिलेगा डॉक्टर

**नई दिल्ली, 14 जून. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा के बेरखेड़ी जद्दू में किसानों की अनूठी 'पाठशाला' लगाकर खेती बदलने का बड़ा संकल्प सामने रखा.**

यहाँ औपचारिक सभा और लंबे स्वागत भाषणों की जगह शिवराज सिंह और अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सीधे खेत और किसान पर फोकस रहा, जहाँ



मॉडल कृषि विज्ञान केंद्र के शिलान्यास के साथ विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास के लिए वैज्ञानिक खेती का रोडमैप, 'खेत बचाओ अभियान' और आधुनिक मशीनरी-इनोवेशन की पूरी श्रृंखला लॉन्च की गई. किसान भाइयों-बहनों से सहज, बोलचाल की भाषा में संवाद करते हुए शिवराज मास्साब ने साफ कहा कि यह कोई राजनीतिक सभा नहीं, बल्कि खेती की क्लास है, जहाँ ढाई एकड़ जमीन वाले छोटे किसान

> शिवराज ने शुरुआत में ही साफ कर दिया कि यह कार्यक्रम भीड़ जुटाने या भाषण देने के लिए नहीं, बल्कि किसानों की ट्रेनिंग के लिए है. उन्होंने मीडिया को भी बताया कि यहाँ आए किसान किसी बस या गाड़ी से भरकर नहीं लाए गए, जो सीखना चाहता है वह अपने साधन से आया है.

को भी इंटीग्रेटेड फार्मिंग, संतुलित खाद, अच्छी मिट्टी और अच्छी तकनीक के सहारे सम्मानजनक आजीविका दिलाने का संकल्प है.

## मेडिकल छात्र ने पिता के सामने की आत्महत्या

**मुंबई.** महाराष्ट्र के वाशिम जिले में मेडिकल की तैयारी कर रहे एक छात्र ने कथित तौर पर अपने पिता के सामने ही बांध में कूदकर जान दे दी. पुलिस ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी. यह घटना शनिवार शाम को कारंजा-मनोरा मार्ग पर स्थित अदान बांध के पुल पर हुई. कारंजा तहसील के कुपती गांव का रहने वाला संचित सुभाष मुंडे (22 वर्ष) अपने पिता के साथ यात्रा कर रहा था, तभी उसने अचानक पानी में छलांग लगा दी. पुलिस के अनुसार, मेडिकल की पढ़ाई की तैयारी कर रहा मुंडे पिछले कुछ समय से तनाव में था और आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से उसने यह आत्मघाती कदम उठाया. उसके पिता ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन बांध के पास ढलान पर उनका पैर फिसल गया था.

# अपराधों में कमी दर्ज की गई : राजीव कृष्ण

▶ यूपी में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं

**वाराणसी, 14 जून. उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा, अपराध, अपराधियों पर कार्रवाई, यातायात व्यवस्था समेत अन्य कई मुद्दों पर पुलिस लाइन में महत्वपूर्ण बैठक की.**

उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और अपराधों में कमी दर्ज की गई है. उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय से संबंधित पॉलिसी इश्यूज तथा जनपदीय और कमिश्नरेट स्तर के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. मुख्यमंत्री के



मार्गदर्शन में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति विगत 8-9 वर्षों से चल रही है. इस नीति के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि हमारे नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और व्यापारी वर्ग में सुरक्षा का भाव आया है. यही हमारी पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य है. इसके लिए विशेष कार्यक्रम भी चलाए गए हैं.

> गत वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति के पांचवें संस्करण के तहत 'मिशन शक्ति केंद्र' के नाम से प्रत्येक जनपद के हर थाने में नई आधारभूत संरचना शुरू की गई, जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं. उन्होंने प्रतिबंधित कफ सिरप माफिया शुभम जायसवाल पर कहा कि हमने संबंधित अदालत से आवश्यक दस्तावेज निकलवाए हैं और केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से उन्हें दुबई भेजा गया है. वहां की अदालत से आदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है. शीघ्र ही उन्हें वापस लाया जाएगा. साइबर अपराधों पर पूरे प्रदेश में प्रभावी कार्रवाई हो रही है. प्रदेश भर में माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और हम लगातार इसकी समीक्षा भी करते हैं.